हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 24 अप्रैल 2024

04 कक्षा 5 व 8 की परीक्षा में नगर के कई स्कूलों के विद्यार्थियों ...



08 श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की ...





## खबर संक्षेप

### बिना बताए गई बालिका को 2 घंटों में खोज लिया

**विदिशा।** मंगलवार की शाम 4 बजे 14 वर्ष बालिका अपने मामा के घर ग्राम रामगढ़ थाना पठारी से बिना बताए कहीं चली गई। सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हुई और टीम बनाकर रवाना किया जाकर एसएसटी प्वाइंट को निर्देशित किया गया। बालिका एसएसटी पॉइंट पठारी के पास मिल गई। जिसे शाम 6.30 बजे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### पुण्यतिथि पर गौशाला में गायों को खिलाया घांस

**विदिशा।** हनुमान जयंती के अवसर पर शिक्षा विभाग की गौ सेवा पर्यावरण संरक्षण सेवा समिति ने गौशाला पहुंचकर गायों को घास खिलाया। संजय खंडेलवाल की ओर से 1100 और विजय श्रीवास्तव की माताजी की पुण्यतिथि पर 1100 रुपए का गौग्रास खिलाया गया। वहीं पूर्व में जमा राशि से गुड़ व चना अर्पण कि गया। पुण्यतिथि के अवसर पर गौ माता को गंगा स्नान भी कराया गया। इस दौरान अजय श्रीवास्तव, हरिहर चतुर्वेदी, अरविंद अवस्थी, लल्लू सिंह, मनोज माली, संजय खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।

### नवागत प्राचार्यों ने पदभार ग्रहण किया

**विदिशा।** सरस्वती शिशु मंदिर अंदर किला में नवागत प्राचार्य दिनेश शर्मा एवं सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में प्राचार्य रविंद्र खाखरे ने अपना-अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर नवागत प्राचार्यों का कुमकुम तिलक लगाकर श्रीफल एवं शॉल भेंट करते हुए उनका स्वागत किया गया। उक्त जानकारी शिशु मंदिर की प्रचार प्रसार प्रमुख चेतना शर्मा द्वारा दी गई है।

### बाल विवाह रोकने जिला खंड व ग्राम स्तर पर समितियां गठित होंगी

**विदिशा।** 10 मई को अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह रोकने के लिए कलेक्टर ने जिला, विकासखंड व ग्राम स्तर पर समितियों का गठन करने का आदेश जारी कर दिया है। कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय समिति में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर को समिति अध्यक्ष तथा सीएसपी प्रशांत चैबे के अलावा सीएमएचओ, नपा सीएमओ जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को सदस्य नियुक्त किया है। विकासखंड स्तरीय समिति के लिए संबंधित विकासखंड के अनुविभागीय अधिकारी को अध्यक्ष समेत सात अन्य अधिकारियों को सदस्य नियुक्त किया है। ग्राम, वार्ड, पंचायत स्तरीय समिति के लिए पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, नपा, शिक्षक, आशा कार्यकर्ता, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सदस्य नियुक्त किया गया है।

## दर्शनों के लिए सुबह से मंदिर पर लगी कतार

# 13.50 क्विंटल गुलाब चंपा, चमेली के फूलों से किया श्रृंगार, शिमला और राजस्थानी गुलाब लगाया, एक लाख श्रद्धालु पहुंचे, पुलिस बल रहा तैनात

- मंदिरों में रातभर होते रहे धार्मिक आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

हनुमान जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई। हनुमान मंदिरों में पूजा पाठ, सुंदरकांड पाठ व अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। दादाजी मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर में विशेष तैयारी की गई थी।

पूरे मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया। यहां इंदौर से आए 14 कलाकारों ने 7 लाख रुपए नोटों से मंदिर परिसर का आकर्षक श्रृंगार किया गया है। इतना ही नहीं, अजमेर और शिर्डी से 13.50 क्विंटल गुलाब, चंपा और चमेली के फूल के साथ ही शिमला गुलाब, राजस्थानी गुलाब की वैरायटी से मंदिर को सजाया गया है।

सुबह से ही हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं को पहुंचाने का सिलसिला शुरू हो गया था। लंबी-लंबी कतारों में लगकर श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन करके प्रसाद चढ़ाया। रंगई मंदिर समिति से जुड़े लोगों ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह से लेकर देर रात तक 1 लाख से ऊपर श्रद्धालु हनुमान जी के दर्शन करने पहुंचते हैं। इसके साथ ही शहर के अन्य मंदिरों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर के कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया, साथ ही प्रसादी भी वितरण की गई।






## चुनावः तैयारियों को लेकर प्रतिदिन हो रहीं बैठकें, अधिकारी ले रहे मतदान केंद्रों का जायजा

# दिव्यांग व 85 प्लस आयु के कुल 306 वोटर घर बैठे कर सकेंगे मत का प्रयोग

- सामान्य प्रेक्षक सूरज कुमार ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा चुनाव में 85 साल से अधिक उम्र के मतदाताओं और दिव्यांग घर बैठे ही वोट डाल सकेंगे। ऐसे कुल 306 मतदाता हैं। जिन्हे होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। 85 प्लस आयु वर्ग के 228 तथा 78 दिव्यांग मतदाता हैं।

विदिशा विधानसभा में कुल 141 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। जिनमें 85 प्लस आयु वर्ग के 107 तथा 34 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। बासौदा विधानसभा में कुल 105 मतदाता घर बैठे वोटिंग करेंगे। जिनमें 85 प्लस आयु वर्ग के 85 एवं 20 दिव्यांग मतदाता, कुरवाई विधानसभा में कुल 34 मतदाता जिनमें 85 प्लस आयु वर्ग के 23 एवं 11 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। सिरोंज विधानसभा में कुल 15 मतदाता जिनमें 85 प्लस आयु वर्ग के 10 एवं पांच दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। इसके अलावा शमशाबाद विधानसभा में कुल 11 मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मुहैया कराई जाएगी जिनमें 85 प्लस आयु वर्ग के तीन एवं आठ दिव्यांग मतदाता शामिल हैं।

कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि विदिशा जिले की विधानसभाओं में 12डी से सहमति प्राप्ति के उपरांत 306 मतदाताओ ने घर से मतदान करने की सहमति प्रदाय की थी। जिनका परीक्षण किया गया है जिसमें 85 आयु वर्ग से अधिक के 228 मतदाता एवं 78 दिव्यांग मतदाता भी शामिल है। इन मतदाताओं को घर पर मतदान करने की सुविधा 30 अप्रैल एवं एक मई को मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए रूटचार्ट, मतदानकर्मी, माइक्रोआब्जर्वर, सुरक्षा के लिए पुलिस बल इत्यादि की तैनाती की जा चुकी है। पुलिस अधीक्षक जिले की सीमावर्ती चौराहों पर जांच पड़ताल के लिए तैनात एसएसटी, व्हीएसटी के द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। मतदान पूर्व सुरक्षा प्रबंध, मतदान दिवस और मतदान के बाद निर्वाचन सामग्री स्ट्रांगरूम में जमा कराए जाने के लिए किए गए सुरक्षात्मक प्रबंधों पर प्रकाश डाला। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने निर्वाचन कार्यो के लिए गठित विभिन्न प्रकोष्ठो के नोडल अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यो के साथ-साथ मतदानकर्मियों के लिए आयोजित हो रहे प्रशिक्षण, डाकमत पत्र, ईडीसी के अलावा मतदानकर्मियों को निर्वाचन सामग्री के वितरण व वापसी के लिए ईजाद की गई प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी।

### 6423 बुजुर्ग व 10499 दिव्यांग ने भरे थे फार्म

उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने बताया कि विदिशा जिले में होम वोटिंग सुविधा के लिए 85 प्लस आयु वर्ग के 6423 मतदाताओं ने 12 डी फार्म प्राप्त किए थे तथा 10499 दिव्यांग मतदाताओं ने 12 डी फार्म प्राप्त किए थे। जांच परीक्षण उपरांत 85 प्लस आयु वर्ग के 228 मतदाता तथा 78 दिव्यांग मतदाता इस प्रकार कुल 306 मतदाता होम वोटिंग के लिए वैद्य पाए गए हैं।

वहीं सामान्य प्रेक्षक सूरज कुमार ने मंगलवार को विदिशा की विधानसभाओं में लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा, संयुक्त कलेक्टर विनीत तिवारी मौजूद रहें।

### 11 लाख 6 हजार 123 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में विदिशा, बासौदा, कुरवाई, सिरोंज और शमशाबाद में दर्ज कुल 11 लाख 6 हजार 123 मतदाता वोट डालेंगे। कुल मतदाताओं में 5 लाख 76 हजार 483 पुरूष एवं 5 लाख 29 हजार 612 महिला मतदाताओं के अलावा 28 अन्य मतदाता शामिल है। विदिशा विस में कुल 2, 28674 तथा बासौदा में 2,13894 मतदाता मतदान करेंगे। जबकि लोकसभा क्षेत्र सागर अंतर्गत आने वाली विस कुरवाई में 2,37056, सिरोंज में 2,24090 तथा शमशाबाद विधानसभा में 2,02409 मतदाता दर्ज हैं।

## खामखेड़ा चौकी अंतर्गत करोंद बागरोद में झगड़ा

# खूनी संघर्षः एक पक्ष से महिला सहित 4 दूसरे पक्ष से 5 घायल

- सोमवार दोपहर तुलाई केंद्र पर हुआ था विवाद, रात में खूनी संघर्ष में बदला
- पुलिस ने सभी घायलों को देर रात जिला अस्पताल से कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार दोपहर करारिया थाना क्षेत्र के खामखेड़ा चौकी के अंतर्गत बागोद में वेयर हाउस पर स्थित तुलाई केंद्र में काम करने वाले मजदूरों और हम्मालों के बीच कहां सुनी हुई। मामला गाली गलौज तक जा पहुंचा। मौके पर बीच बचाव कर मामला शांत कर दिया गया, लेकिन देर शाम को दोनों पक्ष आमने-सामने फिर आकर खड़े हो गए और लाठी डंडों से दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला बोल दिया। हालत ऐसे बने कि मामला खूनी संघर्ष तक जा पहुंच गया। सरवन सपेरा की ओर से एक महिला सहित कुल 4 लोग घायल हैं। तो वहीं दीपचंद मेहर के साथ कुल पांच लोग घायल हुए हैं। पुलिस द्वारा सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं पुलिस से मामले की पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

### गड्ढे में फंसा नगरपालिका का कचरा वाहन

**विदिशा।** वार्ड नंबर 24 नीमताल गांधी चौक के पास भैया साहित्य सदन के सामने एक बड़ा गड्ढा है हादसे का कारण बन रहा है। जिस पर नगरपालिका ने फरसी रखकर अस्थाई व्यवस्था की थी। महावीर जयंती के दिन फरसी भारी वाहन के निकलने से टूट गई। तब से लेकर अब तक सुधार नहीं जा सका। जिसके कारण मंगलवार सुबह नगरपालिका का ही कचरा वाहन उसी गड्ढे में फंस गया। जिसे बाद में ट्रैक्टर ट्राली की मदद से बाहर निकल गया। नगर पालिका कर्मचारियों ने इस मामले में किसी प्रकार के नुकसान न होने की बात कही क्योंकि मामला नगर पालिका से जुड़ा हुआ है लेकिन गहरे गड्ढे में फंसने की वजह से वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है।

# बेतवा पुल से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कोतवाली पुलिस ने पुराने बेतवा पुल से अवैध 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार किया है।

आरोपी जमुना उर्फ जमना प्रसाद पिता शंकर लाल प्रजापति उम्र 40 साल निवासी ग्राम बाला बरखेड़ा थाना करारिया दो प्लास्टिक की केन प्रत्येक केन में 30-30 लीटर अवैध महुआ की कच्ची शराब लेकर जा रहा था। 22 अप्रेल की रात को मुखबिर से सूचना मिली कि बाला बरखेड़ा निवासी जमुना प्रजापति पुराने बेतवा नदी के पुल पर दो नीले रंग की प्लास्टिक की कैन में हाथ भट्टी की महुआ की कच्ची अवैध शराब लेकर खड़ा है जो अवैध शराब को बेचने की फिराक में है सूचना मिलने पर थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल पुराने बेतवा नदी पुल पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोज दुबे, सहायक उप निरीक्षक मलखान सिंह, प्रधान आरक्षक जितेंद्र खटीक, आरक्षक राजकुमार सिंह की मुख्य भूमिका रही।

### इधर 300 क्वार्टर जब्त

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने अहमदपुर तिराहे के पास से 300 क्वार्टर शराब के साथ आरोपी दीपक शर्मा पिता देव प्रकाश शर्मा निवासी सुभाषनगर व दिनेश अहिरवार पिता राजकुमार अहिरवार निवासी लोहांगी मोहल्ला को गिरफ्तार किया है। दोनों अपनी बाइक से शराब लेकर जा रहे थे। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सूचना मिलने के बाद सिविल लाइन थाना टीआई शहबाज खान के नेतृत्व में एसआई रोहित कौरव हमराह बल के साथ अहमदपुर तिराहे के पास पहुंचे और बाइक से आ रहे आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक सफ़ेद बोरी और कार्टूनों में अवेध शराब रखी हुई मिले। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# सीएम राइस स्कूल में शिक्षकों व प्राचार्य के बीच हुआ विवाद, सुलझाने जिला शिक्षाधिकारी को जाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

बरईपुरा हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में संचालित सीएम राइस स्कूल में प्राचार्य दीप्ति शुक्ला और स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच में विवाद गरमा गया है।

3 दिन पहले की गई शिकायत की जांच करने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी रामकुमार ठाकुर बरईपुरा स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने शिक्षकों से और प्राचार्य से अलग-अलग बात की। डीईओ ने कहा की अपने स्तर पर समस्या को सुलझाकर मनमुटाव दूर करें जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। उन्होंने जल्दी ही इस समस्या का हल निकालने की बात। इधर शिक्षकों का कहना है कि प्राचार्य दीप्ति शुक्ला तानाशाही रवैया अपनाती हैं। शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। उन्हें किसी भी प्रकार से अपनी मर्जी से काम करने की अनुमति नहीं है। इन सब आरोपी के बीच प्राचार्य दीप्ति शुक्ला का कहना है कि शिक्षक पूर्व में जिस प्रकार से अपने पुराने धर्रे पर चलते थे सीएम राइस में भी उसी प्रकार से स्कूल का संचालन करने की उनकी मंशा है। समय से पहले वह छुट्टी चाहते हैं। ताकि वह अपडाउन कर अपने घर वापस जा सके। उन्होंने कहा कि सिर्फ कुछ शिक्षकों को ही परेशानी है। एक शिक्षक के बारे में उन्होंने कहा कि उनका ट्रांसफर हो चुका है लेकिन वह जाना नहीं चाहते और वही हमारे खिलाफ माहौल बना रहे हैं। दीप्ति शुक्ला ने यह भी कहा कि सिर्फ शिक्षकों को परेशानी है कोई भी बच्चों या उनके पालकों को किसी प्रकार की भी परेशानी नहीं है।



विदिशा। सीएम राइज स्कूल में प्रचार्य और शिक्षकों के बीच होती रही बहस।

## गर्ल्स कॉलेज और सेंटमेरी स्कूल में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए

# चांद पर चंद्रयान, धरती पर मतदान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गर्ल्स कॉलेज ईएलसी क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए सेल्फी पॉइंट , मॉक पोल, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। मतदान के महत्व एवं मतदान प्रक्रिया से सम्बंधित प्रश्नों पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पार्वती सेन, राधिका साहू और निकिता ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेल्फ़ी पॉइंट के साथ छात्राओं एवं महाविद्यालय के सभी स्टाफ ने सेल्फी लेकर अपने डीपी, स्टेटस एवं सोशल मीडिया अकाउंट पर लगाया।

छात्राओं ने मतदान की अनिवार्यता विषय पर आयोजित स्पीच प्रतियोगिता में अपने अपने विचार व्यक्त किए। कई छात्राओं ने मतदान का महत्व का वर्णन करते हुए आगामी लोक सभा निर्वाचन में मतदान करने हेतु अपने अभिभावकों के नाम पत्र लेखन भी किया। वहीं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संटमैरी सीनियर सेकंडरी स्कूल में रैली का आयोजन किया गया। रैली को संस्था संचालक फादर डॉ.सीजो एवं फादर सेल्विन जॉन ने हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। रेली सेंटमेरी स्कूल से प्रारंभ होकर अहमदपुर चौराह अंबेडकर प्रतिमा तक ले जाई गई। रेली में सभी बच्चे मतदान से संबंधित नारे लगाते हुए जा रहे थे। जिसमें बच्चों द्वारा विशेष रूप से कहा जा रहा था चांद पर चंद्रयान और धरती पर मतदान जरूरी है। रैली के बाद अहमदपुर चौराहे पर पंकज जैन, विजय श्रीवास्तव,डॉक्टर फादर सीजो, फादर सेल्विन जॉन के द्वारा बच्चों को वोट का महत्व समझाया।



## चुनाव माहौलः कांग्रेस उम्मीदवार स्थानीय हैं तो भाजपा का फोकस भी विदिशा पर सबसे ज्यादा

# लोकसभा का चुनाव विदिशा पर हो गया केंद्रित



विदिशा। भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा शहर के खिरिया से सोंठिया होते हुए अहमदपुर, ठर्र से लेकर गुलाबगंज तक रोड शो कर जनता से मतदान करने का आव्हान किया। उन्होंने रंगई मंदिर पहुंचकर पौधरोपण भी किया।



विदिशा। हनुमान प्रकट्योत्सव के अवसर पर कांग्रेस उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा 501 नारियल भेंट करने अपने समर्थकों के साथ रंगईधाम पहुंचे। यहां पर उन्होने संत विशंभरदास (रामायाणी) महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

लोकसभा का यह चुनाव समूचे संसदीय क्षेत्र में शामिल 8 विधानसभाओं में सबसे ज्यादा विदिशा विधानसभा पर केन्द्रित होता नजर आ रहा है। कांग्रेस की तरफ से 33 साल बाद पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा को मैदान में उतारा है तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भाजपा की तरफ से प्रत्याशी हैं। कांग्रेस उम्मीदवार प्रतापभानु शर्मा सोशल मीडिया के माध्यम से शिवराज जी जबाव दो सीरीज चला रहे हैं। प्रतिदिन भाजपा प्रत्याशी से सवाल कर रहे हैं और अभी तक 6 सवाल कर चुके हैं। इधर भाजपा प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार पर सबसे ज्यादा फोकस विदिशा पर बनाये हुए हैं। शिवराज सिंह चौहान के सबसे ज्यादा दौरे और जनसंपर्क कार्यक्रम विदिशा में हो रहे हैं। कांग्रेस उम्मीदवार स्थानीय हैं तो भाजपा का फोकस भी विदिशा पर सबसे ज्यादा।

## खबर संक्षेप

### पंचतत्व समिति ने वितरित किए सकोरे

**गंजबासौदा।** गत दिवस महावीर जयंती के उपलक्ष्य में पंचतत्व संरक्षण समिति ने भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पक्षियों के संरक्षण के लिए सकोरे वितरित किए। संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि महावीर स्वामी ने सभी को जियो और जीने के सिद्धांत पर चलने का संदेश दिया है। पक्षी से लेकर इंसान में एक ही जीवात्मा रहती है। बस शरीर अपने-अपने कर्मों के अनुसार बदल जाता है। गर्मी के सीजन जितनी परेशानी मनुष्य को होती है, उतनी ही पक्षियों को दाने व पानीके लिए होती है। इसलिए संस्था इसी सिद्धांत के आधार यह अभियान पक्षी संरक्षण के लिए चलाती है।इस अभियान के तहत लोगों को पक्षियों के लिए पानी का प्रबंध करने के लिए जलपात्र निःशुल्क वितरित किए गए। समिति द्वारा जलपात्र वितरण का यह अभियान हर साल चलाया जाता है। इस चेतना पूर्ण अभियान में शहर भी उनका बराबर साथ दे रहा है। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पंचतत्व का यह जनचेतना अभियान पूरी गर्मी भर चलता रहेगा।

### अव्यवस्थित वाहनों से लग रहा जाम



**गंजबासौदा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्थित खड़े वाहनों से प्रतिदिन जाम लगता है। रेलवे प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे यात्रियों को आए दिन परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ज्ञात हो कि रेलवे स्टेशन पर पार्किंग की व्यवस्था होने के बाद भी ऑटो एवं अन्य वाहन रेलवे स्टेशन के निकास द्वार के आसपास ही अव्यवस्थित खडे हो जाते हैं। जिनसे ट्रेन के आने के समय जाम लग जाता है और यात्रियों को आने जाने में असुविधा उठानी पडती है। आरपीएफ द्वारा की जा रही कार्रवाई के बावजूद वाहन चालक सबक नहीं ले रहे हैं।

### शहर भर के मंदिरों में सुबह से लेकर रात्रि तक होते रहे कार्यक्रम

# हनुमान जयंती पर निकला भव्य व विशाल चल समारोह, हुए भंडारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह से ही नगर सहित इलाके भर के हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड लगना शुरु हो गई थी, जो देर रात्रि तक जारी रही। इस अवसर पर जहां श्रद्धालुओं ने घरों में विशेष पूजन अर्चन की, वहीं मंदिरों में भी पहुंचकर भगवान हनुमान को चोला नारियल चढ़ाकर उनकी आराधना की। इस मौके पर नगर में परंपरानुसार विहिप बजरंगल दल द्वारा विशाल एवं भव्य चल समारोह निकाला गया। जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर निकला।

ज्ञात हो कि रामभक्त हनुमान जी के प्रकटोत्सव को हनुमान जयंती के रूप में श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा घरों में पकवान बनाकर हनुमान जी के साथ नए मटकों की भी पूजन अर्चन की जाती है और उनमें पकवान एवं नए धान्य भरकर भगवान से मंगल कामना की जाती है। मंगलवार को अनेक श्रद्धालुओं ने घरों में मटकों की पूजन अर्चन की। वहीं मंदिरों में पहुंचकर भगवान हनुमान को नवीन चोला, वस्त्र एवं प्रसाद आदि चढाया गया। इस अवसर पर नगर के सभी हनुमान मंदिरों के अलावा क्षेत्र के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर सिरनोटा धाम, नूरपुर धाम, मुरादपुर धाम, त्योंदा के हनुमान मंदिर, पचमा हनुमान मंदिर, गंज हनुमान मंदिर, जग्गा हनुमान मंदिर सहित सभी मंदिरों की आकर्षक साज सज्जा की गई थी और भगवान का भी मनोहारी श्रृंगार किया गया था। हनुमान जयंती के अवसर पर सुबह कई श्रद्धालु हाथों में धर्म ध्वज लिए मुरादपुर, नूरपुर, सिरनोटा धाम के लिए निकले और इन स्थानों पर पहुंचकर वहां ध्वज अर्पित कर भगवान की पूजन अर्चन की गई और प्रसाद चढाया गया। उधर ग्राम पचमा के हनुमान



मंदिर, छात्रावास के पास स्थित हनुमान मंदिर, मुरादपुर स्थित हनुमान धाम सहित अन्य मंदिरों पर विशेष पूजन अर्चन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। उधर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव पर बजरंग दल द्वारा विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पवनसुत हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा निकली शोभायात्रा शाम के समय राम जानकी मंदिर गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर के सदर बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जय स्तंभ चौक से स्टेशन मेन रोड होते हुए रेलवे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। जहां उसका समापन हुआ। शोभा यात्रा में सुसज्जित रथ पर हनुमान जी की सजीव झांकी सजाई गई एवं महाशक्ति अखाड़े के पहलवान अपनी कलाओं का प्रदर्शन करते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुगण, नागरिक शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं ग्राम रघुनाथपुर में हनुमान जन्मोत्सव में सुनील बाबू पिंगले, हेमंत नामदेव, अजय यादव, देवांश सहित अनेक लोगों ने अभिषेक पूजा अर्चना कर धर्म लाभ लिया। नगर में अनेक स्थानों प्रसादी का वितरण किया गया। उधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी श्रद्धालुओं ने हनुमान मंदिरों में कथा एवं अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न कराए।









#### इमलाधाम पर श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया

**गंजबासौदा।** सिद्ध इमलाधाम पर श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी महाराज की महा आरती सहित विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। प्रधान पुजारी पंडित राहुल चौबे ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सदगुरुदेव मौनी बाबा महाराज के निर्देशन में सिद्ध इमलाधाम पर श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह से ही भक्तों की भीड़ दर्शनों के लिए आने लगी थी। दोपहर 12 बजे महा आरती के बाद विशाल भंडारा आयोजित हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुओं ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया।

## सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यदि आप और हम अपने वोट का उपयोग न कर अपनी पसंद का नेता या सरकार नहीं चुनेगे तो उचित लोकतंत्र नहीं रहेगा। सुभद्रा शर्मा कालेज के प्राचार्य डॉक्टर सोहन कुमार यादव ने मतदान जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यक्रम में छात्राओं को यह शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता गतिविधि के प्रभारी प्रोफेसर इंदीवर जैन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी प्रोफेसर आरती साहू ने कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दीवारों पर स्लोगन लिखे और नारे लिखी तख्तियां हाथ में लेकर मानव श्रृंखला बनाकर जागरुकता का संदेश दिया। छात्राओं ने इसी कार्यक्रम के माध्यम से बताया कि मतदान लोकतंत्र की ताकत है, इसका उदाहरण आप चुनाव के समय देख सकते हैं कि एक प्रत्याशी एक वोट के लिए किस तरह घर-घर जाकर एक वोट पाने के लिए जनता से निवेदन करता है। जब नेता आपके घर और इलाके में घूम-घूम कर वोट देने के लिए गुहार लगाने पहुंचते हैं। सही मायने में मतदान करना ही लोकतंत्र स्थापित कर सकता है। यह बात सुभद्रा शर्मा कॉलेज की छात्रा प्रतिभा राजपूत, स्नेहा चौकसे, अंकित कुशवाहा ने कही। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए बात कही।

कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने मतदान का महत्व समझाते हुए कहा है कि यदि हम मतदान नहीं करेंगे तो ऐसे नेता का चयन होगा जो लोगों की उम्मीद के अनुरूप नहीं होगा। जितना हम अपने हकों के लिए आवाज उठाते हैं, वोट करने की जिम्मेदारी भी उतनी जरूरी है। वोट करने का अधिकार हमें संवैधानिक तौर पर मिला है। ताकि हम ऐसे नेताओं का चयन कर सकें, जो जनता की उम्मीदों पर खरा उतर सकें।

## भाजपा की आवश्यक बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गत दिवस भारतीय जनता पार्टी त्योदा मंडल की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। जिसमें विदिशा लोकसभा से प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान के रोड शो और आमसभा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें विधायक हरि सिंह रघुवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश जादोन, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, नरेन्द्र सिंह रघुवंशी, यशवंत रघुवंशी, लाखन सिंह रघुवंशी सहित मंडल अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसजीएस कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में स्वीप अभियान के अंतर्गत लोकतंत्र में मताधिकार का महत्व विषय पर निबंध प्रतियोगिता, रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। जिसके माध्यम से छात्र, छात्राओं ने सभी को मतदान करने का संदेश दिया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 35 छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता, डॉ. बी.के. प्रजापति, डॉ. सरिता घेंघट, डॉक्टर वारिश जैन, सुमन विश्वकर्मा, डॉक्टर रेखा जांसल, डॉक्टर सपना श्रीवास्तव, डॉक्टर मोनीता नेमा, भावना रघुवंशी सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम में ईएलसी एंबेसडर सृष्टि तिवारी ने अपना विशेष योगदान दिया।

### दिव्यांश का सुयश



**गंज बासौदा।** सेंट एस आर एस पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 2 के छात्र दिव्यांश पुत्र वीर सिंह शारदा लोधी ने इंग्लिश मीडियम में 97% अंक प्राप्त किए हैं और अपने परिजन और विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और परिजनों ने दिव्यांश को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यहां उल्लेखनीय है कि दिव्यांश के पिता वीरसिंह एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

### महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति की वीरांगनाएं रहीं गणवेश में शामिल

## जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वर्तमान शासन नायक श्री 1008 महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति के तत्वावधान में गत दिवस महावीर जंयती पर निकला चल समारोह सुबह 7 बजे महावीर विहार से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री दिगंबर मंदिर धूसरपुरा पहुंचा। उसके उपरान्त अभिषेक शांति धारा का कार्यक्रम आयोजित हुआ और तत्पश्चात पात्र भावना रखी गई। इस अवसर पर भगवान महावीर भगवान स्वामी का जन्म महोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। जिसमें सोलह स्वप्न की झलकियां दिखाई गईं। कार्यक्रम में महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति की सभी वीरांगनाएं समान गणवेश में शामिल रहीं। भगवान महावीर भगवान के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में शाम को भजनों का बुलउआ रखा गया। महावीर स्वामी की जन्म जंयती एवं वीर हनुमान के जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में नगर के राजीव गांधी शासकीय जन चिकित्सालय में एक दिन के भोजन के लिए नगद राशि देकर सुबह मरीजों को एवं जरुरतमंदों को भोजन एवं फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी कांतिभाई शाह, महिला जैन मिलन त्रिमूर्ति की वीरांगना मोना, अंशुल, रजनी, रेखा, अल्का, नंदनी, निधि, सोनम उपस्थित थीं।







# कक्षा 5 व 8 की परीक्षा में नगर के कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा कक्षा पांचवीं-आठवीं जिला बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिनमें नगर के श्रीमती रतनबाई जैन हायर सेकेण्डरी स्कूल, डॉल्फिन स्कूल, सेंटएसआरएस पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल, राइजिंग पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिजनों का नाम रोशन किया। श्रीमती रतन बाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 5 में विद्यालय के 103 छात्र सम्मिलित हुए जिनमें से 101 छात्र उत्तीर्ण हुए। जिनका परीक्षा परिणाम 98.05 प्रतिशत एवं कक्षा 8 के 164 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें से 162 छात्र उत्तीर्ण हुए जिनका परीक्षा परिणाम 98.78 प्रतिशत रहा।

कक्षा 5 वी, 8वी की बोर्ड परीक्षा में डॉल्फिन के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय में कक्षा 8वीं में कुल 165 में से 46 विद्यार्थियों ने A+, 58 विद्यार्थियों ने A, 46 विद्यार्थियों ने B+ तथा 13 विद्यार्थियों ने B ग्रेड प्राप्त किये। जिसमें विद्यालय के छात्र शुभ दीक्षित ने 600 में से 552 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, नंदिनी रघुवंशी ने 549 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं नविका गौड़ व इच्छा देवलिया ने 548 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 5वीं की परीक्षा में 186 बच्चों में से 49 विद्यार्थियों ने A+, 69 विद्यार्थियों ने A, 48 विद्यार्थियों ने B+ तथा 19 विद्यार्थियों ने B ग्रेड प्राप्त किये। छात्रा रितिका रघुवंशी ने 400 में 384 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, अदिति दुबे व अर्णव तिवारी ने 372 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं पार्थ रघुवंशी ने 368 अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 5 में कई विद्यार्थियों ने अंग्रेजी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किये। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं सेंट एसआरएस स्कूल के पांचवी और आठवीं जिला बोर्ड पैटर्न का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। संस्था की वार्षिक परीक्षा अंग्रेजी माध्यम कक्षा 8 में छात्र मनीष कुमार पुत्र प्रभूलाल विश्वकर्मा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोहित रघुवंशी पुत्र देवीसिंह रघुवंशी ने 92.5 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं रविन्द्र पुत्र संतोष कुशवाह ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर प्राप्त किया। हिन्दी माध्यम कक्षा आठवीं में जानवी पुत्री प्रदीप शर्मा ने 88.83 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं जतिन कुमार पुत्र सुभाष महोविया ने 88.33 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, आकाश पुत्र तेज सिंह दांगी ने 87.83 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी माध्यम कक्षा 5 में अनुराग पुत्र शिव सिंह बघेल ने 94.25 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान। हेमंत सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह राजपूत ने 93.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, ऐश्वर्य पुत्र हरिओम दाँगी ने 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिन्दी माध्यम कक्षा 5 कुमुद पुत्री सियाराम दाँगी ने 93.25 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान बनाया, लीना पुत्री आनंद जैन ने 91.95 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शुभम पुत्र मुकेश कुमार सेन ने 89 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था में हिन्दी माध्यम कक्षा 5 वी में 33 छात्र सम्मलित हुए जिनमें से 32 उत्तीर्ण हुए एक की पूरक, हिन्दी माध्यम कक्षा 8 वी में 40 छात्र सम्मलित हुए जिनमें 35 उत्तीर्ण हुए तथा 5 की पूरक, अंग्रेजी माध्यम कक्षा 5 वी में 76 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें से 74 छात्र उत्तीर्ण हुए, 2 की पूरक आई। अंग्रेजी माध्यम कक्षा 8 वी में 77 छात्र सम्मिलित हुए तथा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, मैनेजर सुधा यादव, प्रभारी रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, प्रीति माथुर, सुमन श्रीवास्तव, डाली तिवारी, कृष्ण पाल सिंह चौहान सहित स्टाफ ने शुभकामनाएं दी। वहीं सफल छात्र, छात्राओं को मिष्ठान्न खिलाकर बधाई दी। दूसरी ओर नेहरू चौक स्थित राइजिंग पब्लिक स्कूल की छात्रा कलश पुत्री गौरव समैया ने कक्षा 8 वी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 91 प्रतिशत अंकों से स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुलदीप पुत्र राजेन्द्र राजपूत एवं अंकित पुत्र गुलाब सिंह अहिरवार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने छात्र, छात्राओं को बधाईयां दी।






Shubh Dixit Nandini Raghuwanshi Navika goud Ichchha Devaliya



Ritika Raghuwanshi Aditi Dubey Arnav Tiwari Parth raghuwanshi

### यदि मुआवजा राशि में कमी मिली तो एसडीएम कार्यालय भी हो सकता है सील

# जिला न्यायधीश के आदेश पर सिरोंज एसडीएम कार्यालय की चल संपत्ति कुर्क







**मामला एमपीआरडीसी का**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज के इतिहास में ऐसा पहली बार देखने को मिला कि सिरोंज एसडीएम कार्यालय की चल संपत्ति को कुर्क कर दी गई। मंगलवार को दोपहर 11 बजे के आसपास सिरोंज न्यायालय की एक टीम ने एसडीएम कार्यालय में पहुचकर टेबल, कुर्सी, कंप्यूटर, लैपटॉप न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश के आदेश के पालन में कुर्क कर लिया गया। जब यह कार्यवाही चल रही थी तो तहसील कार्यालय में हडकंप मचा हुआ था। वहा उपस्थित नागरिक एक दूसरे से यह पूछते नजर आ रहें थे कि आखिर यह क्या हो रहा है। वहीं देखते देखते ही न्यायालय की टीम ने एसडीएम कार्यालय की चल संपत्ति को कुर्क कर लिया गया। चल संपत्ति को कुर्क की कार्यवाही के समय एसडीएम हर्षल चौधरी लोकसभा निर्वाचन को सागर में आयोजित कलेक्टर बैठक में मौजूद थें। लेकिन वहां उपस्थित तहसीलदार संजय चौरसिया के समक्ष पूरी कार्यवाही सम्पन्न हुई। इस मौके पर विशेष रूप से न्यायालय की टीम के अलावा अधिवक्ता गण मौजूद रहें।

## आखिर क्यों हुआ एसडीएम कार्यालय कुर्क

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला एमपीआरडीसी की भूमि अधिग्रहण के संबध में यह पूरी प्रक्रियाएं हुई। वर्ष 2011 में रोहिलपुरा चौराहा से बासौदा रोड तक बाईपास डालने के लिए एडवोकेट कपिल त्यागी, पवन जैन,अशोक जैन,रूपेश यादव, ओमप्रकाश झा, अर्चना भार्गव, हरिशंकर त्यागी, राहुल भार्गव, रामदयाल शर्मा आदि की भूमि, भूमि स्वामी द्वारा अधिग्रहण की गई। भूमि का मुआवजा न मिलने पर कलेक्टर विदिशा को आवेदन किया गया था कि उनकी अधिग्रहण भूमि का मुआवजा कब मिला है जिस पर कलेक्टर विदिशा द्वारा न्यायालय सिरोंज को भूमि की राशि निर्धारण के लिए आवेदन भेजा गया था। जिसमें प्रथम जिला न्यायाधीश सिरोंज द्वारा दिनांक 27 फरवरी 2023 को अधिनियम पारित करते हुए एडवोकेट कपिल त्यागी को एक करोड़ 9 लाख 32 हजार एवं ओम प्रकाश झा, पवन कुमार जैन, अशोक कुमार जैन, रुपेश यादव एवं अन्य को लगभग 6 करोड रुपए का भुगतान करने का निर्देश न्यायालय द्वारा अनु विभागीय अधिकारी सिरोंज को दिया गया था। मुआवजा राशि न मिलने पर एडवोकेट कपिल त्यागी सहित अन्य लोगो ने प्रथम जिला न्यायाधीश सिरोंज न्यायालय में एक वसूली इजारा पेश की गई थी। सिरोंज प्रथम जिला न्यायाधीश के निर्देशों पर उक्त इजारा मामले में मंगलवार को सिरोंज न्यायालय के नजीर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज के कार्यालय का कंप्यूटर लैपटॉप कुर्सी टेबल तहसीलदार की मौजूदगी में कुर्की की गई।

## एसडीएम न्यायालय में अब कैसे होगी सुनवाई

प्रथम जिला न्यायधीश द्वारा एसडीएम न्यायालय में जो चल संपत्ति कुर्की की गई। उसके बाद एसडीएम न्यायालय में न तो कोई फर्नीचर बचा और न ही किसी बाबू को बैठने के लिए कुर्सी बची। वही राजस्व न्यायालय में न तो एक फाइल देखी और न ही एक भी कम्प्यूटर देखा गया। राजस्व न्यायालय में फर्नीचर सहित अन्य चीजें न होने से अब राजस्व न्यायालय का काम कैसे होगा और न्यायालय में आने आवेदको को जैसे ही चल संपत्ति कुर्की की जानकारी मिली तो आवेदक कार्यालय के बाहर बैठकर आपस में बाते करते नजर आए कि न जाने कब तक यह कार्यवाही चलेगी और कब हमारी न्यायालीन पेशी हो पाएगी।

## कुर्क राशि कम हुई तो हो सकता है एसडीएम कार्यालय सील

न्यायालय के आदेश एसडीएम कार्यालय की चल संपत्ति कुर्क की गई। इसके बाद जनचर्चा चलती रही कि जो राशि मुआबजा में मिलना है। उतनी साम्रगी कुर्क नही हुई तो शायद न्यायालय ऐसा कोई निर्णय ले सकता है कि जिसमें एसडीएम कार्यालय को भी सील किया जा सकता है।

### एसडीएम बोले

वर्ष 2013 में जब मुआवजा पारित किया गया तब मैं इंजीनियरिंग कॉलेज में था। फरवरी-मार्च 2023 में जब आदेश पारित किए गए तब मैं लटेरी अनुविभाग में पदस्थ था। इसके अतिरिक्त, मेरे कार्यकाल में एमपीआरडीसी द्वारा सिरोंज न्यायालय के द्वारा पारित आदेशों के विरुद्ध उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश ग्वालियर खंडपीठ, में सिरोंज न्यायालय के द्वारा पारित बढ़ी हुई मुआवजा राशि के संबंध में अपील दर्ज की जा चुकी है जिसके बारे में सिरोंज न्यायालय को सूचना दी जा चुकी थी। परंतु उसके पश्चात भी न्यायालय द्वारा कुर्की की कार्यवाही की गई है। अब यदि किसी प्रकरण में तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पदस्थ 2013 के द्वारा पारित 30,744 मात्र की मुआवज़ा राशि को सिरोंज न्यायालय द्वारा बढ़ाकर 1,09,00,000 से अधिक पारित कर आम जानता (जरीब कर दाता) के पैसों से चुकाने का आदेश पारित किया गया तो यह न्यायालय का विवेकाधिकार है जिसमे टिप्पणी करना मैं उचित नहीं समझता हूं। परंतु यदि आम जनता के कर के पैसों को बचाने के लिए एमपीआरडीसी के द्वारा उच्च न्यायालय में अपील दर्ज की गई है तो इसे मैं गरीब जानता के हित में समझता हूं। उसके लिए एसडीएम न्यायालय ही क्या, यदि मुझे व्यक्तिगत रूप से कुर्क भी किया जाए तो मैं सहर्ष तैयार हूं।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज।

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकला भव्य चल समारोह, श्रीराम के नारों से गूंज उठा शहर

### गणपुरी हनुमान मंदिर परिसर में हुआ विशाल कन्या भोज व भंडारे का आयोजन, कन्याओं को भेंट किए गए उपहार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर में श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मंगलवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः हनुमान मंदिरों पर जहां महाआरती हुई, वहीं भण्डारा प्रसादी वितरण का आयोजन दिन भर चलता रहा। सुबह से देर रात तक हनुमान मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। वहीं पुलिस भी पूरी तरह से सतर्क रही। सुबह से लेकर शाम तक पुलिस की अलग-अलग टुकड़ियां संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्त करती नजर आई। वहीं विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में विशाल चल समारोह निकाला गया। वही विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा चौक-चौराहों पर पुष्प बर्षाकर जोरदार स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि सिरोंज में हमेंशा सभी त्योहार शांति,सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाए जाते है। जिसमें हर वर्ग के लोग अपनी अहम भूमिका निभाते है।

## निकला विशाल चल समारोह

श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में विशाल चल समारोह निकाला गया। दोपहर करीब 1 बजे से छत्रीनाका चौराहा हनुमान मंदिर परिषर से चल समारोह प्रारंभ हुआ। जिसकी अगवानी बैंड,डीजे सहित ढोल ढमाकों के बीच शुरू की गई। इस दौरान भक्त अपने हाथों में भगवा ध्वजा लेकर भजनों की धुन पर थिरकते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यह चल समारोह नगर के कस्टम पथ,कठाली बाजार,कपड़ा बाजार,चांदनी चौक,कोर्ट गेट,राज बाजार से होते हुए मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पहुंचा जहां पर मंदिर के शिखर पर ध्वजा अर्पण किया गया और आरती की गई इसके बाद यह चल समारोह पुनः वापिस होते हुए तहसील रोड,थाना,नपा कार्यालय,बजारिया,हाजीपुर,सुभाष नगर से होते हुए ईमलानी रोड पर स्थित लाल बावा हनुमान मंदिर पहुंचकर समापन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहें। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में निकाले गए भव्य चल समारोह में बडी संख्या में पुलिस जवान तैनात रहें। चल समारोह के आगे एवं पीछे पुलिस के जवान पूरी मुश्तैदी के साथ नजर आए। वहीं कई पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में लगातार अपनी पैनी नजर जमाए हुए थे। इसके अलावा जिन मार्गो से चल समारोह गुजरा वहां की गलियों में पहुंचकर पुलिस के जवानों ने मोटर साईकिल सहित अन्य वाहन हटवाएं गए।

## जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

बजरंग दल द्वारा निकाले गए भव्य चल समारोह का नगरवासियों ने जगह-जगह छतों से पुष्प वर्षा कर चल समारोह का भव्य स्वागत किया। वही नगर के मुख्य चौक-चौराहो पर विभिन्न सामाजिक सगठनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर चल समारोह में संकट मोचन की सजाई गई झांकी आकर्षक का केन्द्र रही। वही श्रद्धालुओं ने महावली की पग-पग पर आरती उतारी। वही चौरसिया समाज द्वारा श्रीराम जानकी रासबिहारी मंदिर में हनुमान प्रकटउत्सव के अवसर पर महा आरती, हवन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें चौरसिया समाज के अध्यक्ष एडवोकेट पियूष चौरसिया, कोषाध्यक्ष हेमंत चौरसिया, किशोर चौरसिया, सौरभ चौरसिया, श्रवण चौरसिया ने हवन बेदी पर आहुतियां दी उसके बाद महा आरती हुई तत्पश्चात कन्या भोजन एवं प्रसादी वितरण हुआ।

## दर्शनों के लिए लगी रही कतार

बजरंग बली के जन्मोत्सव पर गणपुरी हनुमान मंदिर परिषर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः मंदिर में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। साथ ही बजरंग बली को छप्पन भोग लगाया गया। इसके बाद महाआरती हुई। दोपहर में विशाल कन्याभोज एंव भंडारे का आयोजन किया गया जो कि देर रात्रि तक चलता रहा। कन्या भोज में पहुची कन्याओं को श्री गणपुरी हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा कन्या को उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने भडारें में पहुचकर प्रसादी ग्रहण की। शाम को पंडित नवनीत शर्मा ने बजरंग बली की सामूहिक आरती की। इसके बाद रात्रि में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जो कि देररात्रि तक चलता रहा।

# हनुमान जयंती पर नगर में निकली प्रभात फेरी और लायरा में शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई



हनुमान जयंती के उपलक्ष में नगर में तुलसी मानस मंडल द्वारा हनुमानगंज मंदिर से प्रातः काल प्रभात फेरी निकल गई । जिसमें हनुमान भक्त बड़ी संख्या में एवं क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे शामिल हुए। मुख्यमार्ग ब्राह्मण मोहल्ला बीना तिराहा बस स्टैंड मालीपुरा मुख्य बाजार गांधी चौक होते हुए हनुमानगंज मंदिर पर समाप्त हुई। माता बाग मंदिर पर प्रातः काल सुंदरकांड का आयोजन हुआ। नहर वाले हनुमान जी के मंदिर पर शाम को महा आरती का आयोजन हुआ। वार्ड नंबर 10 में तिरुपति बस सर्विस विशंभर दयाल सिंघल एवं राहुल गुप्ता द्वारा नगर भंडारे का आयोजन किय गया। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा ग्राम लायरा में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सोलह खेड़ा क्षेत्र के श्रद्धालु एवं आसपास के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभा यात्रा में अखाड़े के पहलवानों द्वारा अपने करतब से लोगों को अचंभित किया।

## श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया हनुमान प्रकट उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर के सभी हनुमान मंदिरों पर बड़ी धूमधाम और श्रद्धा आस्था के साथ हनुमान प्रकट उत्सव मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। खाजियाबाग बाले हनुमान जी मंदिर पर, दर्जनों भक्तों ने पहुंच कर आरती में सम्मिलित हुए वहीं भजन कीर्तन कर हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई, छापर, बगीचा बाले,राम जानकी मंदिर, मोहनपुर बाले हनुमानजी की मूर्तियों पर सिन्दूर चढ़ाया गया। जिसे चोला कहते हैं। हनुमान जन्मोत्सव पर रामचरितमानस के सुन्दरकांड पाठ भी किया गया जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए।

# संजों बघेल के भजनों पर नाचे श्रोता



**बरेली।** मंगलवार को हनुमान जयंती पर नगर के प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर एवं 6 किमी दूर छींद धाम हनुमान मंदिर में सुबह की मंगला आरती के साथ दिन एवं रात्रि की शयन आरती तक हजारों हनुमान भक्तों की भीड़ का नजारा बना रहा। हनुमान जयंती पर भक्तों की उपस्थिति को देखते हुए दर्शन , प्रसादी चढ़ाने के साथ वाहनों की पार्किंग यातायात की विशेष व्यवस्थाएं की गई थी।

## भजनों पर नाचे श्रोता

हनुमान जयंती पर प्रति वर्ष छींद धाम मंदिर समिति द्वारा ख्याति प्राप्त भजन गायिका संजो बघेल की भजन संध्या आयोजित की जाती हैं।

दोपहर बाद श्री हनुमान जन्मोत्सव के अन्तर्गत विशेष आरती पूजन , श्रीराम , हनुमानजी महाराज के जयकारों के साथ संजो बघेल की भजन संध्या प्रारंभ हुई। श्रीरामजी , हनुमान जी , माँ दुर्गा की विभिन्न प्रभावी झांकियों एवं कर्णप्रिय संगीत के साथ भजनों पर उपस्थिति हनुमान भक्त श्रोता नाचते रहे।

सुबह से रात्रि तक लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने छींद धाम पहुंच कर हनुमान दद्दा के दर्शन किए । छींद धाम में दिन भर मेला जैसा दृश्य बना रहा। छींद धाम आए विशेष श्रद्धालुओं का छींद धाम सेवक कृष्ण कुमार रघुवंशी द्वारा स्वागत भी किया जाता रहा।

### हनुमान जी से प्रेरणा लेकर मोदी जी करते हैं दिन-रात जनसेवा के कामः सीएम यादव

# सीएम मोहन यादव पहली बार आए छींद धाम, पूजन आरती के साथ प्रदेश की खुशहाली के लिए की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली




प्रदेश के मुख्यमंत्री बने डॉ मोहन यादव ने भी हनुमान जयंती पर छींद धाम पहुंच कर हनुमान दद्दा के दर्शन किए विशेष पूजा कर्मों साथ देश प्रदेश की खुशहाली के लिए हनुमान जी से प्रार्थना की। सीएम डा. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हनुमान जी से प्रेरणा लेकर दिन रात देश की सेवा, जनसेवा के कार्य कर रहे हैं।

छींद धाम मंदिर के पास ही भाजपा के द्वारा विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया। भाजपा की सभा में मुख्यमंत्री प्रहलाद पटेल, राज्यमंत्री नरेद्र शिवाजी पटैल ,पूर्व मंत्री ठा. रामपाल सिंह राजपूत लोकसभा उम्मीदवार दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व विधायक रामकिशन पटैल , भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के साथ उदयपुरा देवरी, बाड़ी, भारकच्छ कलां, बरेली क्षेत्र के स्थानीय भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही। ऐतिहासिक धार्मिक स्थानों पर होगें कार्य - सीएम डा. मोहन यादव ने अपने सम्बोधन में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की। कहा कि भाजपा की सरकार ने देश ,प्रदेश में क्या विकास कार्य किए हैं यह किसी से छिपे नहीं हैं। प्रदेश देश तेजी से विकास कर रहा हैं। सीएम यादव ने कहा कि जितने भी श्रीराम और श्रीकृष्ण के ऐतिहासिक स्थल है, वहां विशेष काम किए जाएंगे। सीएम ने होशंगाबाद क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार दर्शन सिंह चौधरी के पक्ष में भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। सीएम डा. मोहन यादव हेलीकाप्टर से छींद धाम आए थे। सीएम से पूर्व अनेक भाजपा नेताओं ने सभा को सम्बोधित कर भाजपा सरकार की उपलब्धियों , कार्यो की विस्तार से चर्चा करते हुए उम्मीदवार दर्शन सिंह चौधरी को भारी मतों से विजयी बनाने की उपस्थिति हजारों श्रोताओं से अपील की।

## क्षेत्र में पहली बड़ी सभा

विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को द्वितीय चरण में मतदान होना हैं। उदयपुरा, बरेली क्षेत्र में सोमवार को पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की सभा हुई थी। मंगलवार को बरेली क्षेत्र में भाजपा की पहली बड़ी चुनावी सभा हुई । अभी तक कांग्रेस की ओर से एक भी बड़ी चुनावी सभा न होना नगर एवं क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

# हाथी, घोड़े और ऊंट के साथ निकली शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

**बरेली।** मंगलवार को प्रातः से ही नगर के हनुमान मंदिरों में पूजन ,दर्शन कर प्रसाद चढ़ाने हनुमान भक्तों की भीड़ का नजारा बना रहा। दोपहर बाद विहिप , बजरंग दल के साथ अन्य संगठनों द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव की नगर में ढोल बाजों , घोड़े , ऊंट , केसरिया ध्वज पताकाओं के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जिसका स्थान -स्थान पर व्यापारियों , धार्मिक श्रद्धालुओं पूजन , स्वागत किया गया। नगर के प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर, संकट मोचन हनुमान मंदिर , नरसिंह टेकरी हनुमान मंदिर के साथ अन्य मंदिरों में हनुमान जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए जाते रहे। मंदिरों में दर्शन कर प्रसाद चढ़ाने हनुमान भक्तों की सुबह से रात्रि तक भारी उपस्थिति बनी रही। सुंदर कांड पाठ, विशेष प्रसादी वितरण के साथ मंदिरों की आकर्षक विधुत सजावट की गई। विहिप बजरंग दल एवं धार्मिक संगठनों द्वारा धूमधाम आतिशबाजी के साथ श्रीराम लीला मैदान ,श्रीराम दरबार मंदिर से हनुमान जी की शोभायात्रा प्रारंभ की गई। नगर के सभी प्रमुख मार्गों का भ्रमण करने के बाद हनुमान गढ़ी मंदिर में शोभयात्रा को समापन हुआ।



# चुनाव प्रचार में नहीं दिख रहा शोर कांग्रेस निष्तेज व भाजपा बनी मुस्तैद

# मामा-दादा के बीच मुकाबले में कौन होगा सरताज, मामा दर्शन शास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट, दादा मैकेनिकल इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

चुनावी हलचल



फोटो : मामा शिवराज सिंह VS दादा प्रतापभानु शर्मा

विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र प्रदेशभर की राजनैतिक गलियारो में खूब चर्चा बटोर रहा है। यहां से 4 बार प्रदेश के मुखिया रहे शिवराज सिंह चौहान का मुकाबला 2 बार के सांसद कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा से है। भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान प्रदेश भर की बहनो के मामा कहलाते है, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा को दादा के नाम से ख्याति प्राप्त है। दोनों ही 33 साल बाद फिर एक बार चुनावी धरा पर एक दूसरे के सामने खड़े है। इस सीट से कौन होगा सरताज इसका फैंसला 4 जून को होगा, लेकिन दोनो ही तरफ से सरताज बनने के दावे किए जा रहे है।

नामांकन पत्र जमा होने के बाद भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों ने अपना प्रचार तेज कर दिया है, दोनो ही प्रत्याशी जगह जगह बैठकें और आम सभाएं कर रहे हैं। दोनों प्रमुख दलो के प्रत्याशी उच्च शिक्षित है, इसका असर उनके चुनाव प्रचार में भी दिख रहा है। अब तक दोनों प्रत्याशी ने एक दूसरे के खिलाफ स्तरहीन टिप्पणी नहीं की है, ना ही कोई व्यक्तिगत आरोप लगाए हैं। दोनो ही दलो के प्रत्याषी मामा व दादा अपने अपने मुद्दो के साथ जनता के बीच पहुंच कर चुनाव प्रचार कर रहे है।

**मामा दर्शन शास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट, तो दादा मैकेनिकल इंजीनियर :** इस बार प्रमुख राजनीतिक दल के उच्च शिक्षित उम्मीदवारों के बीच मुकाबला हो रहा है इनमें मामा की ख्याति प्राप्त भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह जहां दर्शन शास्त्र में गोल्ड मेडलिस्ट हैं वहीं दादा के रूप में चर्चित कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा भी मैकेनिकल इंजीनियर हैं।

### नगर में दिख रहे भाजपा के इक्का दुक्का झंडे, लेकिन कांग्रेस पूरी तरह गायब

*मतदान में मात्र 14 दिन ही शेष है, लेकिन चुनावी रण में अभी तक चुनावी गर्मी का असर दिखाई नही दे रहा है। विधानसभा सिलवानी में अभी तक किसी भी दल ने अपना चुनावी कार्यालय प्रारंभ नही किया है, ना ही तहसील भर में भाजपा व कांग्रेस के झंडा, बैनरो की भरमार है। हालांकि भाजपा के इक्का दुक्का झण्डे नगर में दिखाई दे रहे है लेकिन कांग्रेस का झंडा कही दिखाई नही दे रहा है। देखा जावे तो संगठनात्मक रुप में भाजपा मुख्यालय सहित ग्रामों में प्रत्येक बूथ तक मजबूत स्थिति में है लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओ की प्रचार को लेकर चुनावी दंगल में उपस्थित नही देखी जा रही है। मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियानको लेकर भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ तक पहुंच रहे है। विदिशा लोकसभा संयोजक, पूर्व विधायक रामपाल सिंह कार्यकर्ताओ के साथ मुख्यालय सहित ग्रामो मे तय कार्यक्रम के तहत पहुंच कर भाजपा प्रत्याशी को रिकार्ड मतो से जिताने की अपील मतदाताओ से कर रहे है।*

### क्या नाम के सहारे चुनावी वैतरणी होगी पार

*भाजपा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान व कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा का नाम क्षेत्र में परिचय का मोहताज नहीं है। आम से लेकर खास तक के बीच दोनो ही उम्मीवारों की कार्यशैली से जनता बखूबी परिचित है। मतदान को मात्र 14 दिन ही शेष बचते है, लेकिन बीते साल हुए विधानसभा चुनाव की भांति दोनो ही दलो का चुनाव प्रचार अभी तक जोर नही पकड़ सका है, लगता है कि भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी अपने अपने नाम के सहारे चुनाव में सरताज बनने का स्वप्न संजोये हुए है। कुल मिला कर चुनावी शोर, कान फोड़ू प्रचार ना होने से जनता सुकून महसूस कर रही है। सरताज का फैंसला तो 4 जून को ही होगा*

## छींदधाम बरेली पहुंचकर सीएम यादव ने किए दादाजी के दर्शन

# श्रीहनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़, दिनभर चला पूजा का दौर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त श्रीहनुमान जी का जन्मोत्सव शहर के साथ ही पूरे जिलेभर में धूमधाम और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। सभी मंदिरों में सुबह 4 बजे पूजा अर्चना आरती के साथ धार्मिक अनुष्ठान किया जा रहे हैं।

वहीं बरेली स्थित छींद धाम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि हमारे भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण धरती पर आए चित्रकूट पर जाकर भगवान ने 11 साल बिताए उज्जैन में भगवान श्री कृष्ण ने शिक्षा ग्रहण की। ऐसे कई स्थान है जो भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण से जुड़ते हैं ऐसे प्रत्येक स्थान को तीर्थ बनाएंगे। छींद धाम में सुबह से ही दादाजी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही।

### सांचीः हनुमान जयंती के पावन पर्व पर हुए भजन कीर्तन

**सांची।** हनुमान जयंती के पावन पर्व पर सांची के सभी मंदिरों में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी लोगों ने सद्भावना का परिचय देते हुए लाइन में लगकर भगवान के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। वहीं लोगों ने अखंड रामायण पाठ सुंदर काण्ड पाठ वहीं लोगों ने छप्पन भोग लगा कर हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाया।

### गंजबाजार में लगाया छप्पन भोग

गंज बाजार हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद दादा हनुमंत लाल की आरती की गई। वहीं भगवान को 56 प्रकार के भोग लगाए गए। मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं को शुद्ध घी के मालपुआ, खीर और लड्डू पेड़े का प्रसाद वितरण किया गया।

मंदिर के पुजारी दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर को फूलों से सजाया गया था। सुबह से ही धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं जिनका क्रम दिन भर चलेगा।

### हनुमान मंदिर पर महाआरती

शहर के पाटनदेव, रामपुर, गोपालपुर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, बावड़ी पुरा हनुमान, खुन खुन बाग मंदिर, बरेली स्थित हनुमान गढ़ी, सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इस दौरान मंदिर में महा आरती सहित धार्मिक आयोजन कराई जा रहे हैं। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान हनुमान जी के दर्शन कर धर्म से लाभ उठाया व जयकारों से मंदिर गूंजते रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई

**दीवानगंज।** मंगलवार को दीवानगंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। सुबह से ही श्रद्घालु हनुमान जी की वंदना व पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचे। हनुमान जयंती जयंती को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उल्लास दिखा। सुबह से ही मंदिरों में हनुमान भक्तों की भीड़ देखने को मिली। शुभ मुहूर्त में भक्तों द्वारा शौर्य और साहस के प्रतीक माने जाने वाले श्री हनुमान भगवान की पूजा अर्चना की गई। भक्तों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करते हुए हनुमानजी की मूर्ति पर गुलाब की माला, चोला और सिंदूर लगाकर मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। कई भक्तों द्वारा पीपल के पत्तों पर श्रीराम लिखकर भी प्रभु को अर्पित किया गया। मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे नगर में उत्साह और भक्ति मय वातावरण देखने को मिला। नगर में स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर, इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर, राम जानकी दीवानगंज सहित अंबाडी, सेमरा, जमुनिया, बालमपुर, देहरी, सरार, नरखेड़ा, निनोद, में सुबह से ही पूजा अर्चना आंरभ हो गई थी। इस दौरान दिनभर मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामायण पाठ तथा भजन कीर्तन का आयोजन चलता रहा।

# विदिशा अंतर्गत विधानसभावार ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




लोकसभा आम निर्वाचन-2024 हेतु संसदीय क्षेत्र 18-विदिशा अंतर्गत सभी आठों विधानसभाओं के लिए ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक आईएएस सूरज कुमार तथा पुलिस प्रेक्षक आईपीएस जी.विजया कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी अरविंद दुबे ने सभाकक्ष में उपस्थित अभ्यर्थियों तथा उनके प्रतिनिधियों को ईवीएम मशीनों की रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

रेण्डमाइजेशन की यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूर्ण की जाती है। विदिशा संसदीय क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र 141-भोजपुर में 310 मतदान केन्द्रों के लिए रिजर्व सहित 372 बीयू, 372 सीयू तथा 403 व्हीव्हीपीएटी, विधानसभा क्षेत्र 142-सांची के लिए रिजर्व सहित 398 बीयू, 398 सीयू तथा 431 व्हीव्हीपीएटी, विधानसभा क्षेत्र 143-सिलवानी के लिए 331 बीयू, 331 बीयू तथा 356 व्हीव्हीपीएटी, विधानसभा क्षेत्र 144-विदिशा के लिए 330 बीयू, 330 सीयू तथा 357 व्हीव्हीपीएटी, विधानसभा क्षेत्र 145-बासोदा के लिए 313 बीयू, 313 सीयू तथा 339 व्हीव्हीपीएटी, 156-बुधनी के लिए 435 बीयू, 435 सीयू तथा 471 व्हीव्हीपीएटी, 158-इछावर के लिए 330 बीयू, 330 सीयू तथा 357 व्हीव्हीपीएटी और 173-खातेगांव के लिए 346 बीयू, 289 बीयू तथा 375 व्हीव्हीपीएटी मशीनों का रेण्डमाइजेशन किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश सिंह सहित सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए सामान्य अवकाश घोषित

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन में प्रदेश के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चार चरणों मतदान होगा। निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार द्वितीय चरण में 26 अप्रैल (शुक्रवार), तृतीय चरण में 7 मई (मंगलवार) एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तिथियों में सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### दूसरे चरण के मतदान के लिए 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से बंद होगा चुनाव प्रचार

**रायसेन।** लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण में लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा एवं होशंगाबाद में शुक्रवार 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है। वहां पर 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। होशंगाबाद में शामिल रायसेन जिले के उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घंटे से पहले से चुनाव प्रचार बंद का प्रावधान है। प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होता है। इस हेतु निगरानी अभियान चलाया जाता है।

## आज शाम 5 बजे से 26 तक शुष्क दिवस

# होशंगाबाद क्षेत्र की उदयपुरा विस में 26 को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले के विधानसभा उदयपुरा में 26 अप्रैल को मतदान सम्पन्न होना है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरविंद दुबे द्वारा मप्र आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में 24 अप्रैल की शाम 5 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक सम्पूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

आदेश के तहत लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ग मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान समाप्त होने के लिए नियत समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घण्टे की अवधि के दौरान उस मतदान क्षेत्र के भीतर, किसी होटल, आहार गृह, मधुशाला, दुकान में अथवा किसी अन्य लोक या प्राइवेट स्थान में कोई भी स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जाएगा।

### जिले में मदिरा का विक्रय पूरी तरह रहेगा प्रतिबंधित

*जिले के विधानसभा क्षेत्र 140-उदयपुरा में संचालित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों से मदिरा का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रखने के साथ ही होटल/रेस्टोरेन्ट/क्लब और मदिरा बेचने, परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा किसी भी व्यक्ति को मदिरा बेचने तथा परोसने की अनुमति नहीं होगी और उत्पादन इकाईयों में निर्यात एवं परिवहन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। कोई भी व्यक्ति जो इस आदेश का उल्लंघन करेगा, वह 06 माह तक की अवधि के कारावास या दो हजार रू जुर्माना या दोनों से दण्डनीय होगा। जहां कोई व्यक्ति इस धारा के अधीन किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया जाता है, वहां स्पिरिटयुक्त, किण्वित या मादक लिकर या वैसी ही प्रकृति के अन्य पदार्थ जो उसके कब्जे में पाए जाएं अधिहरण के दायी होंगे और उनका व्ययन ऐसी रीति से किया जाएगा जो विहित की जाए।*

# बारात में दुल्हन वाले करने लगे डांस, धक्का लगने पर हुआ विवाद दुल्हन पक्ष के लोगों ने चाकू से किया हमला दूल्हे के भाई की मौत

## विवाद में 3 लोग हुए घायल, पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार, घटना के बाद भी शादी में नहीं आई रुकावट लड़की की हुई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज/रायसेन

सोमवार रात्रि दीवानगंज में डांस करने के दौरान धक्का लगने से चाकू छुरी चल गए, जिसमें एक युवक की मौत और तीन अन्य युवक घायल हो गए। जानकारी अनुसार सोमवार को दीवानगंज के जय गिरिराज गार्डन में सेउ नटेरन जिला विदिशा से दूल्हा यशपाल पिता शिवलाल अहिरवार की बारात आई थी। उसकी दुल्हन शादी गंगा अहिरवार निवासी कालिटोर पिपरई से हो रही थी। शादी समारोह की बारात में दुल्हन के रिश्ते के भाई भी डांस करने लगे। इस दौरान धक्का लगने पर दूल्हे और दुल्हन पक्ष में विवाद हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे पक्ष पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे दूल्हे के भाई की मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर सलामतपुर थाना और दीवानगंज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद को शांत कराया। इस घटना में पुलिस ने आरोपियों पर 302,307, 34 आईपीसी की धाराओं में मामला दर्ज कर दो आरोपियों संजू अहिरवार निवासी राताताताई सलामतपुर और विशाल अहिरवार कालिटोर पिपरई को गिरफ्तार किया है।




### विदिशा जिले के सेऊ नटेरन से आई थी यशपाल की बारात

*सोमवार की रात लगभग 10:30 से 11 बजे के बीच दीवानगंज में कालिटोर पिपरई के स्व बाबूलाल अहिरवार की बेटी गंगा अहिरवार के यहां विदिशा जिले के सेऊ नटेरन से बारात पहुंची थी। इसी दौरान रात में गार्डन से कुछ ही दूरी पर बारात लगने के दौरान दुल्हन के भाई भी बारात में आकर डांस करने लगे। इसी दौरान दूल्हा यशपाल अहिरवार पक्ष के कुछ लोगों को धक्का लग गया और इसी बात को लेकर दूल्हे और दुल्हन पक्ष के लोगों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक दूसरे में मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद दुल्हन पक्ष के संजू अहिरवार और विशाल अहिरवार द्वारा चाकू से दूल्हे पक्ष पर हमला कर दिया। जिसमें दूल्हे पक्ष के 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें भोपाल इलाज के लिए भेजा गया। यहां दूल्हे के मौसी के लड़के ओमप्रकाश अहिरवार पिता हिम्मत सिंह अहिरवार उम्र 22 वर्ष ने रास्ते में दम तोड़ दिया। बीच बचाव करने आए दशरथ को भी चाकू से गर्दन, पीठ में गंभीर चोट आईं हैं।*

### मृतक के बड़े भाई की जुबानी

मृतक के भाई फूल सिंह अहिरवार ने बताया कि मैं व मेरा भाई ओमप्रकाश व गांव के लोग हमारे मौसा के लड़के यशपाल की बारात में दीवानगंज आए थे। हम बारात में डांस कर रहे थे, तभी वधु पक्ष के कुछ लोग हमारे साथ डांस करने लगे। दो लड़कों का मेरे भाई ओमप्रकाश से डांस में धक्का लगने की बात पर विवाद हो गया, उनमे से एक लड़का संजू अहिरवार ने चाकू निकालकर मेरे भाई को मारा, जो उसकी गर्दन पर लगा। तभी मेरे गांव के दशरथ घायल ओमप्रकाश को बचाने लगा तो उसके साथ दूसरे लड़का विशाल अहिरवार ने भी चाकू से दशरथ पर दो तीन वार किए जिससे दशरथ की गर्दन एवं पीठ में गंभीर चोटे आई। दोनों लड़कों ने चाकुओ से बीच बचाव करने आए अजय, शिवराज, आशीष पर भी हमला किया, जिससे उन्हें भी चोटे आईं। दोनों युवक घटना के बाद से मौके पर भाग गए। मैंने भाई व दशरथ को पीपुल्स अस्पताल भोपाल एवं अन्य घायल अजय व शिवराज को एम्बुलेंस से इलाज हेतु भेज दिया। डॉक्टर ने मेरे भाई को चेक किया तो उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बाकी घायलों का इलाज चल रहा है।

### घटना में भी नहीं रुकी शादी

*डीजे की धुन पर डांस कर रहे दूल्हा पक्ष के लोगों और दुल्हन पक्ष के लोगों में चाकू छुरी चलने और एक युवक की मौत और तीन युवकों के घायल होने के बाद भी दूल्हा यशपाल अहिरवार व दुल्हन गंगा अहिरवार की शादी में किसी किस्म की रुकावट नही आई और दोनों ने शादी के सात फेरे लेकर पूरी रस्में अदा की। और दुल्हन गंगा की विदाई भी शांति पूर्ण तरीके से हो गई।*

### घोड़ा ले गया था आरोपी संजू

*राताताताई निवासी संजू अहिरवार दूल्हे यशपाल अहिरवार के लिए अपना घोड़ा छह हजार रुपए में लेकर गया था और शादी में शामिल हुए था और दुल्हन गंगा उसकी रिश्ते में बहन लगती है। संजू सलामतपुर उपमंडी में हम्माली का काम भी करता है। संजू ने ही डांस करने के दौरान हुई धक्का मुक्की में ओमप्रकाश के शरीर और चाकू से कई जगह वार करके घायल कर दिया था। जिसकी भोपाल जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वहीं आरोपी विशाल अहिरवार ने भी 3 बारातियों को चाकू से गंभीर घायल कर दिया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।*

## नशीले पदार्थ अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं, रोकथाम जरूरी : सुनीता पचौरिया

# सीएम राइज स्कूल में किया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी




ड्रग तस्करी एवं दुरूपयोग की असाधारण बढ़ोत्री गंभीर व जटिल निहितार्थ सूचित करती है जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित करती है। इसकी रोकथाम राज्य के साथ साथ समाज की सर्वोत्तम प्राथमिकता है। ड्रग, नशा ने निर्दोष बच्चों, नव बालकों, नवयुवकों एवं महिलाओं के ऊपर अपना भयानक शिकंजा कस लिया है। इसका खतरनाक फैलाव इससे प्रतीत होता है की नशे की शुरुआत 9,10 वर्ष की किशोर आयु से हो जाती है। यह उद्गार विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व न्यायाधीश सुनीता पचौरिया ने व्यक्त किए।

तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन नगर के सीएम राईज स्कूल में आयोजित किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायसेन अनिल कुमार सुहाने के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सिलवानी द्वारा विशेष नशामुक्ति अभियान अंतर्गत किशोरो, बालकों एवं छात्रों में ड्रग तस्करी, दुरुपयोग, वृद्धि एवं रोकथाम हेतु शिविर, विधिक साक्षरता क्लब के माध्यम से आयोजित किया। शिविर का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जोलित कर किया। शिविर में मौजूद छात्रो को न्यायाधीश सुनीता पचौरिया ने बताया कि नशा न सिर्फ समाज के लिए घातक है बल्कि उस व्यक्ति और उस परिवार के लिए भी घातक है जो उससे प्रभावित होता है। इसलिए नशे से दूर रहना सभी के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नशे से पीड़ित परिवार के लोगों को विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा जाती है।

### अधिकाधिक मतदान के लिए चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान

**रायसेन।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियों में रैली, चित्रकला, रंगोली, पोस्टर, मानव श्रृंखला आदि के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया जा रहा है।

जिले के उदयपुरा विधानसभा अंतर्गत बरेली नगर के विभिन्न वार्डो में नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा बाईक रैली निकालकर मतदाताओं को आगामी 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। उदयपुरा विधानसभा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा सहायिकाओं द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से महिला मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।